हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय
HARIDEV JOSHI UNIVERSITY OF JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION

क्रमांक : प.7(05)एचजेयू/प.नि.(विविध)/2020/7987 दिनांक : 17.03.2021

सर्वसाधारण के सूचनार्थ

विश्वविद्यालय को कतिपय संस्थानों से डिग्री-प्रमाणीकरण के लिए प्राप्त होने वाले दस्तावेजों के आधार पर यह विदित हुआ है कि इस विश्वविद्यालय के नाम से विभिन्न विषयों की डिग्रियाँ विद्यार्थियों को फ़र्जी जारी की जा रही हैं। इस विषय में www.haridevjoshiuniversity.com URL से फ़र्जी वैबसाइट भी संचालित है, जिसमें हमारे विश्वविद्यालय की सामग्री का गैर-वैधानिक उपयोग किया जा रहा है और जिसके विषय में पुलिस कार्रवाई बजाज नगर थाना, जयपुर में प्रक्रियाधीन है।

अतः सूचित किया जाता है कि हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर, जिसका प्रशासनिक कार्यालय राजीव गांधी विद्याभवन, सर्वेपल्ली राधाकृष्णन शिक्षासंकुल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर में स्थित है तथा जिसका शैक्षणिक परिसर होटल खासा कोठी, मिर्जा इस्माइल रोड, जयपुर में संचालित है, उसकी आधिकारिक वैबसाइट www.hju.ac.in है। हमारे यहाँ वर्तमान में केवल बीए-जेएमसी और एमए-जेएमसी की पाठ्य-योजना उपलब्ध हैं और अब तक विश्वविद्यालय की ओर से कोई डिग्री जारी नहीं की गई है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में राजस्थान सरकार द्वारा हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के नाम से वर्ष 2012 में एक राज्य-वित्त पोषित विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी, जिसे वर्ष 2016 में राज्य सरकार ने बंद कर दिया था। उसका अधिकांश रिकॉर्ड इस विश्वविद्यालय के पास संरक्षित है।

(अशोक कुमार शर्मा)
आरएएस
कुलसचिव